हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 11 देहरादून, बृहस्पतिवार, 27 जून, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



देहरादून : डीएम सोनिका ने नगर निगम परिसर का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश 3

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सीएम धामी की बधाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 27 जून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें राज्य की समस्त जनता की ओर से पुनः रक्षा मंत्रालय का दायित्व मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री से पर्यटन नगरी, नैनीताल में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों / श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग सुविधाओं के विकास के लिए नैनीताल स्थित रक्षा सम्पदा विभाग की भूमि को राज्य सरकार को उपलब्ध कराने पर सहमति प्रदान करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में नैनीताल विश्व में पर्यटन ही नहीं वरन् धार्मिक/आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हो गया है। जनपद नैनीताल में विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज का आश्रम 'श्री कैंची धाम में श्रद्धालुओं की संख्या में अत्यधिक बढोत्तरी हो रही है। कैंची धाम में दर्शन करने वाले श्रद्धालु नैनीताल अथवा नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्रों में ही रुकते हैं।नैनीताल में पार्किंग व्यवस्था के काफी सीमा तक समाधान के लिए मुख्य रूप से यह विकल्प संज्ञान में लाया गया कि नैनीताल नगर में नैनी झील से 02 कि.मी. की दूरी पर रक्षा सम्पदा विभाग की भूमि है, जिसका क्षेत्रफल 03 एकड़ है। यदि इस भूमि को पार्किंग हेतु उपलब्ध करा दिया जाता है तो नैनीताल में एक सीमा तक पार्किंग व्यवस्था की समस्या का समाधान हो जायेगा। इस स्थल को यदि बहुमंजिला पार्किंग के रूप में विकसित किया जाता है तो इसमें लगभग 1500-2000 तक वाहन पार्क हो पायेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को यथा संभव सहयोग किए जाने के प्रति आश्वस्त किया।



# मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव से भेंट कर दी शुभकामनाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से भेंट कर उन्हें पुनः पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का दायित्व मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल नेतृत्व में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नये कीर्तिमान स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री ने भेंट के दौरान केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री को अवगत कराया कि वर्तमान में जौलीग्रांट एयर पोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य गतिमान है। जिसके लिये वन विभाग की 87.0815 है0 भूमि का हस्तांतरण किया जाना है। उन्होंने कहा कि जौलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु जौलीग्रांट के आस-पास के क्षेत्रों की कुल 96.2182 है० भूमि में से 87.0815 है0 भूमि वन विभाग की भी अधिग्रहण की जानी है।



उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में मा० उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार/वन विभाग के पक्ष में निर्णय पारित किया जा चुका है। मा० न्यायालय के उक्त निर्णय के उपरान्त जौलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारण हेतु वन विभाग की उक्त 87.0815 है० भूमि नागरिक विभाग को हस्तांतरित करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं है।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री को यह भी अवगत कराया कि वर्तमान में जौलीग्रांट एयरपोर्ट से काठमाण्डू (नेपाल) के लिए वायुयान सेवा संचालित किये जाने के लिए निविदा की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। जिसके दृष्टिगत जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का दर्जा देने की कार्यवाही को गति देने की नितांत आवश्यकता है। भूमि अधिग्रहण एवं कब्जे की प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरान्त भारतीय विमानपत्न प्राधिकरण ( AAI ) द्वारा जौलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण कर कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री से भेंट के दौरान यह भी अनुरोध किया कि उत्तराखण्ड के विशिष्ठ भौगोलिक, सामरिक महत्व तथा पर्वतीय क्षेत्र में आम जनमानस को मूल भूत सुविधा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से भारत सरकार के उपक्रमों द्वारा कराये जा रहे गैर वानिकी परियोजना हेतु पूर्व की भांति राज्य में उपलब्ध 'अधिसूचित अवनत वन भूमि' में क्षतिपूरक वृक्षारोपण कराये जाने तथा इन सभी प्रयोजन के लिये गतिमान वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री को यह भी अवगत कराया कि जनपद रुद्रप्रयाग के विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ के अंतर्गत चोपता (तल्लानागपुर) में वर्ष 2014 से राजकीय पॉलिटेक्निक चोपता का संचालन किराए के भवन में किया जा रहा है। उन्होंने इसके दृष्टिगत राजकीय पॉलिटेक्निक चोपता की स्थापना हेतु पूर्व में राजस्व ग्राम कुंडा दानकोट में चयनित 2 हेक्टेयर वन भूमि को हस्तांतरण करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय पालीटेक्निक, चोपता की स्थापना हेतु उक्त क्षेत्र के अन्तर्गत कहीं भी गैर वन भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है। राजकीय पालीटेक्निक, चोपता की स्थापना हेतु चयनित वन भूमि लगभग 08 वर्षों से संस्था को हस्तांतरित न होने के कारण संस्था का संचालन किराये के भवन में किया जा रहा है, जिससे संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान नहीं हो पा रही है एवं वहां के नवयुवक/युवतियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने का उद्देश्य सफल नहीं हो पा रहा है। वन भूमि हस्तांतरण से पॉलिटेक्निक अपने भवन में संचालित हो सकेगा तथा छात्रों को सुविधा होगी।

# उत्तराखंड : अगले तीन दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, 28 को दस्तक देगा मानसून

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 27 जून : आईएमडी के अनुसार प्रदेश में मानसून 28 जून तक पूरी तरह से पहुँच जाएगा। अब इसी से लोगों को अच्छी तरह से गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 27 जून को प्रदेश के 11 जिलों में कई दौर की तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तराखंड में मानसून पहुँचने में अभी दो दिन का समय है लेकिन उमसभरी गर्मी ने फिर से लोगों को परेशान कर दिया है रात में भी राहत नहीं मिल रही है। वहीं पर्वतीय जिलों में कहीं-कहीं बारिश से मौसम में गर्मी की तपिश काम महसूस की जा रही है। लेकिन मैदानों में एक बार फिर से पसीने छुड़ा देने वाली गर्मी पड़ने लगी है। अब मानसून की बरसात ही लोगों को राहत पहुंचाने का काम करेगी। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकतर जिलों में बारिश होने के आसार हैं।



धूप और बादलों के बीच एक बार फिर से आँख मिचोली खेलते हुए पारा उछाल मार रहा है। बादल मंडरा रहे हैं लेकिन वर्षा नहीं हो रही। प्रदेश के चमोली, रुद्रप्रयाग, देहरादून, पिथौरागढ़, बागेश्वर, नैनीताल, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, चंपावत, टिहरी और पौड़ी जिले में बिजली चमकने के साथ कई दौर की तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। निचले इलाकों में झोंकेदार हवाएं चलने और आसमानी बिजली चमकने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

# वृक्षारोपण करने तथा उनके संरक्षण की शपथ लेने का आह्वान किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन में देहरादून जिला प्रशासन 'हरित देहरादून पहल' के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से पर्यावरण संरक्षण से जुडे. इस 'हरित देहरादून पहल' से जुड़ते हुए वृक्षारोपण करने तथा लगाये गए वृक्षों की संरक्षण की शपथ लेने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया हरित देहरादून बनाने के लिए जिला प्रशासन की इस मुहिम से, जुड़े। उन्होंने कहा कि हम सब लोग संकल्प लें, कि पेड़ लगाएंगे तथा उसकी देखभाल करेंगे। उन्होंने कहा नागरिक अपने चुने हुए स्थान की जानकारी 18001802525 टोलफ्री नंबर पर दे सकते हैं।

जिलाधिकारी द्वारा लोनिवि, एनएच, एनएचआई के अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत सड़क के दोनों ओर वृक्षारोपण के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त समस्त सरकारी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की भूमि पर वृक्षारोपण किये जाने को निर्देशित किया गया है।

ज़िलाधिकारी द्वारा चलाये जा रहे हरित देहरादून पहल के अंतर्गत आज प्राप्त कॉल्स में से कालर द्वारा चुने गए स्थानों पर पौधे लगाये जा रहे हैं। आज हरित देहरादून पहल कार्यक्रम के अन्तर्गत हरिद्वार बाईपास रोड महिंद्रा शोरूम से आईएसबीटी तक 50 पेड़ ट्री गार्ड के साथ, तथा 100 पेड़ मोथोरोवाला में लगाये गये हैं, पौधे लगाने के बाद स्थानीय निवासियों द्वारा पेड़ का संरक्षण करने हेतु शपथ भी ली गई।

नागरिक अपनी भागीदारी के लिए स्थान का चयन करें, उस स्थान को चुनें जहां आप पेड़ लगाना चाहते हैं। चुने हुए स्थान की जानकारी हमें 18001802525 पर संपर्क करके बताएं।पेड़ लगाना और उनकी देखभाल करना हम सब की ज़िम्मेदारी होगी। आइए, मिलकर देहरादून को हरा-भरा शहर बनाएं।

# हर रोज शराब पीने का करता है मन, तो जान लें ये बातें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 जून : कुछ भी बचा न कहने को हर बात हो गई, 'आओ कहीं शराब पिएँ रात हो गई, शराब पीने वाले इस शायर का मतलब बखूबी जानते हैं। शायद ही कोई ऐसा होगा जिसे यह नहीं पता होगा कि शराब पीना स्वास्थ्य के लिए कितना खतरनाक हो सकता है। पर एक बार जब शराब पीने की आदत लग जाती है, तो उसे छोड़ पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। इंसान बहुत बार चाहता है कि वह इस गंदी आदत को छोड़ दे, लेकिन उसका खुद पर नियंत्रण ही नहीं रहता। किसी भी नशे को लत बनने में वक्त नहीं लगता है, और फिर एक समय ऐसा आता है जब इंसान इसकी चंगुल में फंसकर तिल-तिल कर मरने लगता है। इस समय सबसे जरूरी है कि आप अपनी इस लत पर नियंत्रण पाएं। हालांकि कई ऐसे मामले हैं जिनमें लोगों ने इस बुरी आदत से निकलने में सफलता प्राप्त की है, लेकिन इसके लिए बहुत अधिक संयम और धैर्य की जरूरत होती है। कई मामलों में लोगों ने खुद ही शराब की लत को परिस्थितियों के बल पर छोड़ दिया है, पर कई मामले ऐसे भी हैं जिनमें उन्होंने डॉक्टरों की मदद से इसे छोड़ा है।

बाजार में कई ऐसी दवाइयां मौजूद हैं जो यह दावा करती हैं कि उनके इस्तेमाल से नशे की लत छूट जाती है, पर कई ऐसे मामले भी हैं जिनमें इन दवाइयों का असर नहीं हुआ है। अगर आपको भी शराब के नशे की लत है, तो सबसे पहले आपको खुद को सकारात्मक बनाने की जरूरत है। आप चाहें लाख दवाइयां ले या फिर डॉक्टरी सलाह ले, पर जब तक आपका मन मजबूत नहीं है, आप कुछ भी नहीं कर सकते।खुद को काम में व्यस्त रखने की कोशिश करें।यह बेहद कारगर और भरोसेमंद उपाय है. अगर आपको शराब पीने की तलब महसूस हो रही है तो सबसे पहले खुद को किसी दूसरे काम में उलझाने की कोशिश कीजिए. आप चाहें तो पास के ही किसी पार्क में टहलने जा सकते हैं, किताब पढ़ सकते हैं या फिर व्यायाम का सहारा ले सकते हैं। खुद पर काबू करें शराब की लत छोड़ने के लिए अगर आप अपनों की मदद लें तो और भी अच्छा रहेगा. जब भी आपको शराब पीने की लत महसूस हो अपनों के बीच बैठ जाइए और उनके साथ समय बिताने की कोशिश कीजिए. धीरे-धीरे आपका खुद पर काबू बढ़ने लगेगा और आप एक बेहतर जिंदगी की ओर बढ़ चलेंगे।



शराब की लत को शांत करने के लिए शुगर ड्रिंक लेंकई बार ऐसा भी होता है कि लोगों को शराब की तलब और शुगर खाने की इच्छा के बीच अंतर ही नहीं समझ आता है. ऐसे में अगर आपको शराब पीने की लत महसूस हो रही हो तो आप किसी शुगर ड्रिंक का भी सहारा ले सकते हैं.शराब की मन में आते ही खाना खाएंइस तरह की समस्या से जूझने वाले ज्यादातर लोगों का कहना है कि जब वे भूखे होते हैं तो उन्हें शराब पीने की तलब ज्यादा महसूस होती है. ऐसे में इससे पहले कि शराब पीने की लत आप पर हावी हो, कोशिश कीजिए कि आपका पेट कभी भी खाली नहीं होने पाए. इसके अलावा प्रतिदिन के हिसाब से 6 से 8 गिलास पानी पीना भी बहुत जरूरी है।शराब की पहली घूंट लेते ही शराब जब शरीर के अंदर जाती है तो बस तभी से शरीर पर इसका असर शुरू हो जाता है. शरीर में पहुंचने पर एल्कोहल सबसे पहले पेट में गैसट्रिक एसिड बनाता है और पेट की म्यूकस लाइन में सूजन लाता है. इसके बाद आंतें एल्कोहल सोखना शुरू करती हैं और उसके बाद ये विंग के जरिए लीवर तक पहुंचता है. लिवर के बहुत करीब होने के कारण इस बात की संभावना ज्यादा होती है कि एल्कोहल पेट से सीधे लिवर में पहुंच जाता हैलिवर पर पड़ता है बुरा असरशराब पीने से लीवर पर काफी बुरा असर पड़ता है और लीवर अपना काम ठीक से नहीं कर पाता है. खास बात ये है कि लीवर में दिक्कत होने का पता नही चलता ना ही दर्द होता है और शराबी को पता नहीं लगता है कि उसे क्या दिक्कत है. इसका पता तभी लग पाता है जब जांच के लिए डॉक्टर के पास जाते हैं. इसलिए ज्यादा एल्कोहल पीने वाले लोगों को ऐसी जांच करवाते रहना चाहिए। एसिडिटी की समस्याशराब पीने से लिवर के साथ साथ पैंक्रियाज की कार्यप्रणाली खराब होने लगती है जिससे शराब पीने वाले व्यक्ति को एसिडिटी की समस्या होने लगती है,किडनी पर असरशराब का बुरा असर किडनी पर भी पड़ता है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, शराब पीने से दिमाग उस हार्मोन को प्रभावित करता है जो किडनियों को अधिक मात्रा में यूरिन बनाने से रोकता है. इसी वजह से शराब पीने पर बार-बार पेशाब के लिए जाने की जरूरत महसूस होती है. लंबे समय तक ऐसी स्थिति रहने पर किडनी खराब भी हो सकती है.

# 1 जुलाई से बदल जाएंगे ये नियम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 जून : जून का महीना खत्म होने में बस 5 दिन ही बाकी हैं। जुलाई माह बेहद की खास होने वाला है। क्योंकि कई नियमों में बदलाव होने वाला है। इस लिस्ट में जीएसटी, बैंकिंग, आधार कार्ड, क्रेडिट कार्ड, आईपीसी कानून, बीएनएस सिस्टम और अन्य कई चीजें शामिल हैं। 1 जुलाई से रेलवे रिजर्वेशन में भी बड़ा सुधार होगा। इन बदलावों का प्रभाव आमजन पर भी पड़ेगी। किसी से लाभ तो किसी से नुकसान होगा। आइए जानें अगले महीने कौन-कौन से बदलाव होंगे।

क्रेडिट कार्ड के नए नियम

आरबीआई ने क्रेडिट कार्ड से संबंधित नियमों में संशोधन किया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय संस्थानों की समीक्षा और स्वीकृति के बाद कुछ बदलाव किए हैं। नए नियमों के तहत अब क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल पर बिना स्वीकृति शुल्क नहीं लगेगा।

जीएसटी कानून में होगा बड़ा बदलाव

जीएसटी कानून से जुड़े नियमों में भी बदलाव होने जा रहा है। जिसका लाभ व्यापारियों को होगा। इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) पर लगने वाले ब्याज को 18% से घटाकर 12% कर दिया गया है। नए नियम के परिणाम स्वरूप कोई भी गलती होने पर वित्तीय बोझ नहीं ज्यादा नहीं होगा। इसके अलावा जीएसटीआर-3बी फॉर्म में बदलाव होने जा रहा है। इस फॉर्म को अब यूजर्स के अनुसार बनाया गया है। इससे गलतियों की संभावना कम होगी। नए नियम 1 जून से लागू होंगे।


बीएनएस सिस्टम में नया फीचर

ट्रैकिंग को सुगम और आसान बनाने के लिए बीएनएस सिस्टम में बदलाव होने जा रहा है। नए नियम के तहत अब अभी सरकारी काम और दस्तावेजों को एक नया यूनिक आईडी नंबर दिया जाएगा। इससे सरकारी दफ्तरों आयुर अन्य सेवाओं और भुगतान में मददगार साबित हो सकता है।

रेलवे रिजर्वेशन से जुड़े नियमों में बदलाव भारतीय रेलवे ने टिकट बुकिंग और कन्फॉर्मेशन को लेकर बड़ा कदम उठाया है। 1 जुलाई से यात्री अपनी सीट पर बैठे-बैठे ही बुकिंग कर पाएंगे। साथ ही टिकट को रद्द और फिर से प्राप्त कर सकेंगे। इतना ही नहीं कई नई सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा।

FIR से जुड़े से नियम

कानूनी प्रक्रियाओं को तेज और न्यायसंगत बनाने के लिए, सरकार भारतीय दंड संहिता और आपराधिक प्रक्रिया संहिता में बड़ा बदलाव कर सकती है। नए नियम 1 जुलाई से लागू हो सकते हैं। साइबर अपराधों के खिलाफ सख्त नियम लागू होंगे। साथ ही अपराधियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी।




# क्या स्पेस स्टेशन में फंस गई हैं सुनीता विलियम्स, जानिए NASA के पास है कितना समय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 जून : बोइंग स्टारलाइनर की वापसी एक बार फिर से टल गई है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी NASA ने इसे तीसरी बार स्टारलाइनर की रिटर्न फ्लाइट को टाला दिया है। अब धीरें- धीरें समय काफी कम होता जा रहा है और लोगों के लिए मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। ईंधन की क्षमता होने के कारण खतरा और भी बढ़ता जा रहा है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार स्टारलाइनर की फ्यूल कैपेसिटी 45 दिन की है। ऐसे में अब तक 18 दिन गुजर चुके हैं अब केवल NASA के पास 27 दिनों का समय बाकी है। फिलहाल नासा और बोइंग दोनों ही सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की सुरक्षित वापसी की पूरी तरीके से तैयारी में लगे हुए है।5 जून को सुनीता विलियम्स और बुच बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष गए थे। हालांकि इस स्पेसक्राफ्ट को लांच काफी पहले होना था लेकिन किसी ना किसी कारणवश इसे टाला जा रहा था। स्पेस स्टेशन से वापसी में देरी का कारण कुछ और नहीं बल्कि




स्टारलाइनर पर हीलियम गैस का लीकेज है। ऐसे में NASA की टीम यह सुनिश्चित कर रही हैं कि सुनीता और बुच पृथ्वी पर सुरक्षित आ जाएं। सुनीता विलियम्स को 13 जून को धरती पर आना था। हालांकि स्टारलाइनर में पांच बार हीलियम लीक होने के कारण ऐसा नहीं हो सका। ऐसे में NASA और बोइंग के इंजीनियर्स स्पेसक्राफ्ट के हार्डवेयर की जांच में लगे हुए है। अब तक कुल मिलाकर तीसरी बार लैंडिंग टल गई है और फिलहाल इसकी कोई नई तारीख सामने नहीं आई है।

# यहां खर्राटे लेने वालों की हुई ऐश हर महीने मिलेंगे 78 हजार रुपये

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 जून : बहुत से लोगों को नींद में खर्राटे लेने की आदत होती है. लेकिन कुछ लोग इतने जोर-जोर से खर्राटे लेते हैं कि बगल वाले की नींद पर आफत आ जाती है. ऐसे में अक्सर खर्राटे लेने वालों को शर्मिंदगी होती है या दूसरों के ताने सुनने पड़ते हैं. लेकिन क्या होगा कि जब आपकी ये आदत आपको मालामाल कर दे. दरअसल, एक देश ऐसा भी है, जहां खर्राटे लेने की गंभीर बीमारी होने पर हर महीने 737 पाउंड यानी 78 हजार रुपये मिलते हैं.नींद में खर्राटे लेने की आदत एक आम समस्या है, लेकिन यह गंभीर रूप भी ले सकती है. ब्रिटेन में डिपार्टमेंट ऑफ वर्क एंड पेंशन्स (DWP) के पर्सनल इंडिपेंडेंस पेमेंट (PIP) के तहत, स्लीप एपनिया जैसी खर्राटे की गंभीर समस्या से पीड़ित लोगों को आर्थिक सहायता दी जाती है. इसका उद्देश्य उन लोगों की मदद करना है, जो स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण दैनिक जीवन में अतिरिक्त खर्चों का सामना कर रहे हैं.आपकी खर्राटे की समस्या गंभीर होनी चाहिए और इससे आपके दैनिक जीवन की गतिविधियां प्रभावित होनी चाहिए. वहीं, आवेदन के साथ चिकित्सा प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा, जो खर्राटे की समस्या की गंभीरता और उसके प्रभाव को दर्शाता हो. इसके अलावा पीआईपी के लिए



आवेदन करने के लिए आपकी आयु 16 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। यह योजना उन लोगों के लिए भी उपलब्ध है जो वर्किंग हैं, जिनके पास सेविंग्स है, या अन्य लाभ ले रहे हैं. इस सहायता राशि को टैक्स फ्री रखा गया है। खर्राटे कई कारणों से हो सकते हैं जैसे अधिक वजन, नाक की समस्या, नींद की अवस्था आदि. सही इलाज और जीवनशैली में बदलाव कर इसे कम किया जा सकता है. वहीं, डॉक्टर से परामर्श लेना महत्वपूर्ण है अगर आप या आपके परिवार में कोई खर्राटे लेता है।

# देहरादून : डीएम सोनिका ने नगर निगम परिसर का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 27 जून : जिलाधिकारी/प्रशासक नगर निगम देहरादून सोनिका ने आज नगर निगम परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न पटल के कार्यों का अवलोकन किया तथा कार्मिकों की उपस्थिति जांची। निरीक्षण उपरान्त अधिकारियों के साथ बैठक कर जिलाधिकारी ने नगर निगम के लेण्ड बैंक की जानकारी लेते हुए नगर निगम की भूमि पर तारबाड़ करने के निर्देश दिए। नगर निगम की खाली भूमि पर वृक्षारोपण करने तथा पार्क विकसित करने को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की प्रत्येक पटल/ खिड़की पर जो कार्य हो रहा है, उसकी जानकारी चस्पा करें। फरियादियों की सुविधा के लिए वेबसाइट की जानकारी चस्पा करें , ताकि जनमानस अपनी कार्य प्रगति को ऑनलाइन चैक कर सकें। जिलाधिकारी ने टाउनहॉल की मरम्मत, सौंदर्यीकरण कराने हेतु आंगड़न करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम परिसर में पार्किंग को व्यवस्थित करते हुए बड़े वाहन, छोटे वाहन, फ़ोर व्हीलर, टू व्हीलर का स्थान अलग-अलग चिन्हित करने तथा परिसर की साफ सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहनों की सूची तलब करने के निर्देश दिए। स्ट्रीट लाइट की क्षेत्रवार रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए साथ ही ऐसा सिस्टम विकसित करें की लाइट खराब होने पर सूचना मिल सके।

निरीक्षण के दौरान 51 कार्मिक पटल पर नहीं मिले, जिनकी अनुपस्थिति लगाने के निर्देश अपर नगर आयुक्त नगर निगम को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर निगम परिसर में आए लोगों से नगर निगम आने का कारण जाना तथा उनकी समस्याएं पूछते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत होने में देरी होने की शिकायतों पर कार्मिकों ने वेबसाइट की दिक्कत बताई। जिलाधिकारी ने वेबसाईट में सुधार लाने के निर्देश। नगर निगम के अधिकारियों को प्रतिदिन कूड़ा उठान की वार्डवार मॉनिटिरिंग करने तथा जटायू वाहन को रोस्टरवार क्षेत्र आवंटित कर सफाई कार्यों के निर्देश दिए। साथ ही जिन क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैंका जा रहा है वहां पर कार्मिकों से सर्वे कराते हुए कारण का पता लगाकर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।



उन्होंने नगर निगम अंतर्गत वर्तमान में गतिमान, तथा स्वीकृत कार्यों की पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सोर्स सेग्रीगेशन, हेतु किए गए कार्यों की सूची तलब की सम्बन्धित के साथ हुए एमओयू एवं अनुबन्ध की पत्रावली तलब की।

जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त नगर निगम को कार्य आवंटन पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होने घर घर कूड़ा उठान की वार्डवार रिर्पोट प्रस्तुत करने तथा नगर निगम की भूमि पर वृक्षारोपण का प्लान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।अन्य निर्देश-नगर निगम की खाली भूमि पर वृक्षारोपण करते हुए ताड़बाड़ करने, नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत 1 लाख वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखने, तथा वृक्षों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड लगाने, नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत एवं प्रस्तावित पार्क की सूची प्रस्तुत करने, लैण्ड बैंक का विवरण प्रस्तुत करने, नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वैन्डिगं जोन हेतु स्थल चिन्हित करने, नगर निगम की भूमि पर कार्मिकों के आवास हेतु आंगणन करने, नगर गिनम की भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने हेतु की तारबाड़ तथा जिन क्षेत्रों में तारबाड़ की जानी है का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इस अवसर पर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त बीर सिंह बुदियाल, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना, सहायक नगर आयुक्त पी.सी जोशी सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# देहरादून : मसूरी मालरोड से हटेगा अतिक्रमण






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 27 जून : मसूरी मालरोड में बढते अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही किये जाने को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। एसडीएम मसूरी डा. दीपक सैनी द्वारा नगर पालिका परिषद मसूरी के अधिशासी अधिकारी राजेश नैथानी को मालरोड पर बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही किये जाने को लेकर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गए है।

अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में नगर पालिका सभागार में पालिका के सभी अधिकारी, सुपरवाइजर की बैठक आयोजित की गई जिसमें मालरोड पर हो रहे अतिक्रमण को हटाए जाने को लेकर दो टीम का गठन किया गया। जो माल रोड में हो रहे अतिक्रमण को हटाने का काम करेगें। मालरोड पर हा रखे अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही शुरू की जायेगी साथ ही दुकान स्वामियों द्वारा सड़कों पर रखे सामान के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।

अधिशासी अधिकारी राजेश नैथानी ने बताया कि एसडीएम द्वारा मालरोड से अतिक्रमण हटाये जाने की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार को दी गई । उन्होने बताया कि माल रोड में शाम पांच बजे से रात्रि दस बजे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा। वह पूर्व में चिन्हित 52 लोगों के अलावा किसी को भी मालरोड पर पटरी नहीं लगने दी जायेगी और अगर कोई अनाधिकृत रूप से पटरी लगाते हुए पाया गया तो उसके सामान को जब्त किया जायेगा व उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

बता दे इन दिनों मालरोड में कई लोगो को मालरोड के दोनों ओर पटरी लगा की भुटा और अंडा मार्केट बना दी गई है जिससे मसूरी की छवि खराब हो रही है। वही सरकार द्वारा 7 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर मालरोड को व्यवस्थित और सुंदर बनाये जाने का काम किया गया जिस पर पटरी व्यापारी पलीता लगाने का काम कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर निगम में सफाई कर्मचारी यूनियन का चुनाव हो

देहरादून। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने नगर निगम देहरादून में सफाई कर्मचारी यूनियन का चुनाव करवाने और चुनाव अधिकारी नामित करने की मांग की है। पदाधिकारियों ने बताया कि नगर निगम देहरादून के सफाई कर्मचारी यूनियन के चुनाव करवाने को लेकर इसी साल 20 जनवरी को नगर आयुक्त का पत्र लिखा गया था। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त को चुनाव करवाने के लिए पत्र लिखा था, लेकिन आज तक चुनाव नहीं हो पाए। उन्होंने डीएम से जल्द ही चुनाव करवाने के साथ ही चुनाव अधिकारी नामित करने की मांग की है। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव चौधरी नरेश वैध, प्रदेश अध्यक्ष महिपाल सिंह लोहट, नगर अध्यक्ष सोनू खैरवाल, नगर सचिव विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### जल निगम में तकनीकी एमडी की नियुक्ति की मांग

देहरादून। उत्तराखंड पेयजल पेंशनर्स एसोसिएशन ने जल निगम में विभागीय तकनीकी इंजीनियर को ही एमडी का जिम्मा दिए जाने की मांग की। पेंशनर्स की बैठक में अध्यक्ष पीएस रावत ने कहा कि जल निगम पूरी तरह तकनीकी विभाग है। ऐसे में यहां विभाग के ही तकनीकी इंजीनियर्स को ही एमडी का जिम्मा दिया जाए। कहा कि बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भी जल्द लाभ सुनिश्चित कराया जाए। ट्रेजरी से वेतन, पेंशन का भुगतान कराया जाए। इन तमाम मांगों के निस्तारण को जल्द मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा जाएगा। बैठक में महामंत्री पीके शुक्ला, अवधेश कुमार, जीसी जोशी, मुकेश जोशी, मनमोहन नेगी, एनएस रावत, आरके कांबोज, एसपी गैरोला, कमल कुमार, जीएस नेगी, आरके रोनिवाल आदि मौजूद रहे।

### शहीदों के सम्मान व परिजनों के कल्याण के लिए सरकार संकल्पबद्ध : जोशी

देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को हिमालयन कल्चरल सेंटर में आयोजित शौर्य वंदन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। उन्होंने कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों के परिवारजनों और उनकी वीरांगनाओं को स्मृति चिन्ह शॉल एवं 11 हजार रुपये के चेक वितरित कर सम्मानित किया। इस दौरान मंत्री ने प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि सरकार शहीदों के सम्मान और उनके परिवारों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध हैं। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम में कहा कि पहले शहीदों के पार्थिव शरीर उनके घर नहीं भेजे जाते थे। उनकी राख स्वजनों को सौंप दी जाती थी और कहा जाता था कि उनका लाल शहीद हो गया है।

# सावधान : देहरादून में इन 34 जगहों पर डेंगू फैलने का खतरा, 5 इलाके रेड जोन में

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून 27 जून : प्रदेश में प्री मानसून की बरसात शुरू हो चुकी है जिससे डेंगू का खतरा भी बढ़ गया है, स्वास्थ्य विभाग ने इस बार नगर निगम के सौ वार्डों के लिए विशेष एक्शन प्लान तैयार किया है और शहर के 34 इलाकों को हॉट-स्पॉट श्रेणी में रखा गया है।

बीते वर्ष डेंगू के कहर ने दून वासियों को बुरी तरह प्रभावित किया था। इस बार मानसून आने से पहले स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू से लड़ने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है, एक विशेष मास्टर प्लान भी तैयार किया गया है और इसके रोकथाम के लिए अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की है। स्वास्थ्य विभाग ने शहर के 34 क्षेत्रों को हॉट-स्पॉट श्रेणी में शामिल किया है। ये वे क्षेत्र हैं जहां 01 जुलाई से 31 दिसंबर 2023 के बीच पांच या अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। इन सभी क्षेत्रों की निगरानी क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) द्वारा की जा रही है, जिसमें एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. पीयूष अगस्टीन, एनवीबीडी सलाहकार मनीषा बिष्ट और लैब तकनीशियन आशीष किमोठी शामिल हैं।

नगर निगम समय-समय पर फॉगिंग कर रहा है और इस बार इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए लगभग 250 आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया है और इन सभी ने सोमवार से पूरे शहर में निगरानी का कार्य शुरू कर दिया है और जल्द ही स्कूलों के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

धर्मपुर, रेसकोर्स, निरंजनपुर, बंजारावाला, जीएमएस रोड, माजरा, मोथरोवाला, अजबपुर, क्लेमनटाउन, चुक्खूवाला, बड़ोवाला, राजपुर रोड, केदापुरम, विकासनगर, लक्खीबाग, भगत सिंह कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी, सरस्वती विहार, सिंघल मंडी, वाणी विहार, कैनाल रोड, नेशविला रोड, भंडारी बाग, डालनवाला, डोईवाला, शहरी क्षेत्र, शिमला बाईपास, सेलाकुई, तपोवन, वसंत विहार, कांवली, जाखण, गांधीग्राम, और बलबीर रोड।

देहरादून में उन क्षेत्रों को इस बार रेड जोन में रखा गया है, जहां पिछले साल डेंगू के 25 से अधिक मामले सामने आए थे। इन क्षेत्रों में धर्मपुर, रेसकोर्स, बंजारावाला, जीएमएस रोड और माजरा शामिल हैं।

डेंगू से बचने के लिए आपको इन सभी बातों का ध्यान रखना होगा। अपने घर में या बाहर पानी जमा होने से रोकें। इस बात का खास ध्यान रखें कि गमलों, कूलरों और टायरों में भी पानी जमा न हो, साफ-सफाई का भी पूरा ध्यान रखें। पानी की टंकियों को बिलकुल भी खुला न छोड़ें और फुल स्लीव कपड़े पहनें। बच्चों को मच्छरों से बचाने वाली क्रीम लगाकर ही बाहर भेजें। अगर लक्षण लंबे समय तक बने रहें तो डॉक्टर की सलाह लें। यदि डेंगू के लक्षण पाए जाते हैं तो अधिक से अधिक पानी पिएं और घर पर रहकर आराम करें, खान पान पर भी विशेष ध्यान दें हल्का और सादा खाना खाएँ।

# मसूरी में घूमने के लिए नई जगह ढूंढ रहे हैं, तो ये जगह आएगी पसंद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 27 जून : हरियाणा, दिल्ली और पंजाब जैसी जगहों से अगर किसी को कम बजट में ट्रिप प्लान करना होता है, तो वह मसूरी जाने का प्लान बनाते हैं। क्योंकि कम बजट में पहाड़ी वाली जगह पर घूमना है, तो इससे अच्छी जगह नहीं मिल सकती। मसूरी ही ऐसी जगह है, जो कम बजट में पहाड़ों को सुंदर नजारा दिखाती है।अब तक आप मसूरी में कई बार घूम चुके होंगे। ऐसे में बार-बार एक ही जगह पर घूमने में आपको भी मजा नहीं आ रहा होगा।

ऐसे लोगों के लिए हम आज के इस आर्टिकल में मसूरी की कुछ छुपी हुई जगहों के बारे में जानकारी देंगे। इन जगहों के बारे में ज्यादा लोग नहीं जानते, इसलिए आपको यहां ज्यादा भीड़ भी देखने को नहीं मिलेगी।अब तक आप मसूरी में कई बार घूम चुके होंगे। ऐसे में बार-बार एक ही जगह पर घूमने में आपको भी मजा नहीं आ रहा होगा। ऐसे लोगों के लिए हम आज के इस आर्टिकल में मसूरी की कुछ छुपी हुई जगहों के बारे में जानकारी देंगे। इन जगहों के बारे में ज्यादा लोग नहीं जानते, इसलिए आपको यहां ज्यादा भीड़ भी देखने को नहीं मिलेगी। गांव में हर जगह आपको मकई के ढेर देखने को मिलेंगे। इस गांव की सबसे ज्यादा खासियत यह है कि आपको हर घर की दीवारों पर मक्के की माला टंगी हुई नजर आएगी। लोगों ने अपने घरों की दीवारों को किसी सजावटी चीजों से नहीं बल्कि भुट्टो से सजाया हुआ है। यहां घरों में आपको बालकनियां, खिड़कियां और दरवाजे हर जगह भुट्टे लटके हुए नजर आएंगे। सैंजी गांव कैसे पहुंचे- आप केम्पटी फॉल्स से कैब या सार्वजनिक परिवहन से यहां पहुंच सकते हैं। यह मसूरी में छिपी हुई सुंदर जगह में से एक है।

# नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ छात्रों ने निकाली रैली

देहरादून। अंतराष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध दिवस के मौके पर बुधवार को दून में नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ रैली निकाली। गांधी पार्क से शुरू हुई रैली में शहर के कई स्कूलों के छात्र शामिल हुए। रैली का आयोजन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, मानवाधिकार संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति और सजग इंडिया ने किया। जागरूकता रैली घंटाघर होते हुए वापस गांधी पार्क पर पहुंची। जहां छात्रों ने नुक्कड़ नाटक, कविताओं और पोस्टर के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों को लेकर भी जागरूक किया। मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत ने कहा कि बच्चों का रुझान खेलों की ओर बढ़ाना होगा। नशे के साथ-साथ मोबाइल की खतरों से उन्हें जागरूक करना होगा। मानवाधिकार संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ललित मोहन जोशी ने कहा कि वह पिछले 15 साल से नशे के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान चला रहे। अब तक सात लाख से अधिक युवाओं से संवाद कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज युवा वर्ग नशे से सबसे ज्यादा प्रभावित है। नारकोटिक्स ब्यूरो के एसपी रंजीत बरनवाल ने छात्रों को नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प दिलवाया। रैली में सीआईएमएस एंड यूआईएचएमटी ग्रुप ऑफ कॉलेज, गांधी इंटर कॉलेज, सेंट एग्नेस इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजपुर रोड, जीजीआईसी लक्खीबाग, जीजीआईसी खुड़बुड़ा, वर्णी जैन इंटर कॉलेज, श्री लक्ष्मण विद्यालय इंटर कॉलेज, उत्तराखण्ड डिफेंस एकेडमी समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्रों ने हिस्सा लिया।

## परिवहन कर्मचारियों के निलंबन का विरोध

देहरादून। उत्तरांचल फैडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन ने सड़क दुर्घटना में परिवहन कर्मचारियों को निलंबित किए जाने का विरोध किया। अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल और महामंत्री मुकेश बहुगुणा ने कहा कि कर्मचारियों का निलंबन पूरी तरह गलत है। तत्काल निलंबन वापस लिया जाए। सड़क दुर्घटना के लिए सिर्फ परिवहन कर्मचारियों को दोषी ठहराना पूरी तरह गलत है।

## संविदा, दैनिक वेतन, अंशकालिक कर्मचारियों को नियमित करे सरकार

देहरादून। राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने संविदा, दैनिक वेतन, अंशकालिक कर्मचारियों को नियमित किए जाने की मांग की। बुधवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को सौंपे ज्ञापन में महासंघ पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार के समान चार प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने पर भी जोर दिया। मुख्य सचिव को सौंपे ज्ञापन में अध्यक्ष दिनेश गोसाईं और महासचिव बीएस रावत ने कहा कि सार्वजनिक निगमों में संविदा, दैनिक वेतन भोगी, तदर्थ , अंशकालिक, विशेष श्रेणी के कर्मचारी हैं। जो 10 वर्षों से सभी विभागों में भिन्न भिन्न पदों पर कार्य कर रहे हैं। 10 वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद उन्हें नियमित किया जाए। इस सम्बन्ध में हाईकोर्ट भी आदेश कर चुका है। इसके बाद भी अभी तक कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का कोई लाभ नहीं मिल पाया है। इससे कर्मचारियों में निराशा का भाव है। इन कर्मचारियों के नियमितीकरण पर जल्द फैसला लिया जाए।

# संक्षिप्त खबरें

## पीआरडी जवानों के मानदेय में 80 रुपये प्रतिदिन की बढ़ोतरी, शासनादेश हुआ जारी

देहरादून। राज्य सरकार में पीआरडी स्वयंसेवक विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देते रहते हैं ऐसे में पीआरडी द्वारा लगातार अपनी कई मांगो से राज्य सरकार को अवगत कराया जाता रहा है विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि पीआरडी जवानों के मानदेय में 80 रुपये प्रतिदिन की बढ़ोतरी कर दी गई है जिसका की शासनादेश जारी कर दिया गया है जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में पीआरडी स्वयंसेवको को प्रतिदिन 570 रुपये मानदेय दिया जाता था जो कि अब 80 रुपये की बढ़ोतरी करने पर 650 रुपये प्रतिदिन हो गई है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री धामी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है कहा कि मुख्यमंत्री धामी राज्य कर्मचारियों के हित मे लगातार कई अहम फैसले ले रहे हैं कहा कि इस निर्णय से विभाग के लगभग 9400 पीआरडी जवानों को इस बढ़े हुए मानदेय का लाभ प्राप्त होगा कहा कि हमारे स्वयंसेवक विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देने के साथ ही विषम भौगोलिक परिस्थितियों में भी काम करते हैं ऐसे में राज्य सरकार पीआरडी जवानों के हितों को सुरक्षित करने हेतु हर संभव कार्य कर रही है।

## भाजपा ने ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य राज सैनी को पार्टी से निष्कासित किया

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य राज सैनी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। आदित्य राज सैनी और उसके नौकर पर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले मुकदमा दर्ज किया गया। हरिद्वार बहादराबाद थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे मिले एक किशोरी के शव के मामले में परिजनों ने सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर पिछड़ा आयोग के सदस्य आदित्य राज सैनी व ग्राम प्रधान पति और उसके नौकर के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, हत्या, साजिश सहित प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। भीम आर्मी ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक किशोरी के शव का अंतिम संस्कार न करने की चेतावनी दी।

## परिजनों ने बाहर आने जाने पर डांटा तो घर से भाग गई दो किशोरियां

देहरादून। परिजनों ने दो किशोरियों को घर के बाहर घूमने के समय आपत्ति जताते हुए हल्की डांट लगा दी। इसके बाद दोनों घर से भाग निकलीं। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई तो पुलिस ने दोनों को सूचना मिलने के 12 घंटे के भीतर सहानपुर जिले के मिर्जापुर थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि एक युवक ने तहरीर दी। बताया कि उसकी 16 वर्षीय बहन और बहन की 14 वर्षीय दोस्त मंगलवार को शाम पांच बजे घर से ट्यूशन जाने के लिए निकली। इसके बाद देर रात तक घर वापस नहीं लौटी। दोनों के लापता होने का केस दर्ज किया गया। सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ आसपास के जिलों में सूचना दी गई। इस दौरान दोनों को सहानपुर जिले के मिर्जापुर में घूमते देखे जाने का पता लगा। एसएसआई रायपुर गुमान सिंह नेगी के साथ पुलिस टीम वहां पहुंची। वहां से दोनों को बरामद कर दून लाया गया। एसओ कुंदन राम ने बताया कि इस दौरान दोनों ने परिजनों से नाराज होने पर घर जाने की बात कही। पुलिस ने दोनों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## हेलीकॉप्टर से दो धाम की यात्रा का झांसा देकर 1.25 लाख ठगे

देहरादून। दो धाम की यात्रा हेलीकॉप्टर से कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 1.25 लाख रुपये ठग लिए गए। ठगी की तहरीर पर क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ क्लेमनटाउन दीपक धारीवाल ने बताया कि विकास कुमार निवासी बडहिया, बरहाहिया, लखी सराय बिहार ने तहरीर दी। बताया कि हेलीकॉप्टर से केदारनाथ और बदरीनाथ धाम की यात्रा करने के लिए उन्होंने ट्रेकवेदा कंपनी के जरिए बुकिंग की। बुकिंग के दौरान कंपनी का पता सुभाषनगर, क्लेमनटाउन का बताया गया। पीड़ित ने सवा लाख रुपये का भुगतान कर अपनी बुकिंग करवा ली। बुकिंग की प्रक्रिया अतुल नाम के व्यक्ति ने की।

# गलत मूल्यांकन करने वाले शिक्षक होंगे डिबार : डॉ. धन सिंह रावत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 27 जून : श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में हुई गड़बड़ी को सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति को इस संबंध में जांच के निर्देश दिये हैं। डा. रावत ने उत्तर पुस्तिकाओं का गलत मूल्यांकन करने वाले परीक्षकों को दस साल के लिये डिबार करने के सख्त निर्देश दिये हैं, साथ ही उन्होंने कुलपति को विश्वविद्यालय में स्थाई परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति करने को भी कहा है।

सूबे उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय में परीक्षा मूल्यांकन में हुई गड़बड़ी को बड़ी चूक बताया। मीडिया को जारी बयान में डा. रावत ने कहा कि प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये विश्वविद्यालय के कुलपति को



जांच के निर्देश दे दिये हैं। जांच में जो भी पहलू सामने आयेंगे, उसके मुताबिक ठोस कार्यवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लापरवाही बरतने वाले परीक्षकों के खिलाफ भी कार्यवाही करने के निर्देश दे दिये गये हैं। ऐसे लापरवाह शिक्षकों को आगामी दस साल के लिये परीक्षा मूल्यांकन से डिबार जायेगा

- श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति को दिये प्रकरण की जांच के निर्देश
- कहा, विश्वविद्यालय में शीघ्र होगी स्थाई परीक्षा नियंत्रक की तैनाती

ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी गलती न हो सके। विभागीय मंत्री ने विश्वविद्यालय में स्थाई परीक्षा नियंत्रक न होन पर नाराजगी जताई। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति को स्थाई परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति के लिये शीघ्र विज्ञप्ति जारी करने को कहा, ताकि विश्वविद्यालय में परीक्षाओं का आयोजन, पारदर्शी मूल्यांकन व परीक्षाफल समय पर घोषित किये जा सके और परीक्षा मूल्यांकन में हो रही गड़बड़ी को रोका जा सके।

**निजी शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों का होगा सत्यापन :** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि शैक्षिक गुणवत्ता को दृष्टिगत रखते हुए श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी निजी शिक्षण संस्थानों में कार्यरत फैकल्टी का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। जिससे यह पता लगाया जा सकेगा कि निजी शिक्षण संस्थानों में तैनात फैकल्टी यूजीसी एवं विश्वविद्यालय के नियमों के अनुरूप नियुक्त की गई है या नहीं। उन्होंने कहा कि जिन संस्थानों में यूजीसी के मानकों के अनुरूप फैकल्टी की तैनाती नहीं पाई जाएगी, उन संस्थानों की मान्यता मानक पूर्ण करने तक निलंबित रखी जायेगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन को एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर सभी सम्बद्ध निजी संस्थानों की जांच के निर्देश दे दिये गये हैं।

## पुलिस की कार्रवाई पर बड़ा सवाल.... बडोवाला में दूसरे दिन कूड़े के ढेर से मिला तीसरा शव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मंगलवार शाम को बडोवाला के निकट जहां एक महिला व नवजात के शव मिले दूसरे दिन उसकी जगह पर एक और शव मिला है। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। क्योंकि पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण नहीं किया। अगर किया होता तो तीनों शव बरामद हो जाते। बहरहाल एक ही जगह तीन शव मिलने से पुलिस के हाथ पांव फूल गए हैं। एसएसपी अजय सिंह व एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया।

एसएसपी ने इस गुत्थी सुलझाने के लिए पूरा पुलिस फोर्स झोंक दिया है। सभी थानों से गुमशुदाओं की लिस्ट मंगवा ली गई है। हालांकि अभी तक पुलिस मामले की तह तक नहीं पहुंच पाई है। मंगलवार शाम को बडोवाला के निकट सूखे नाले से एक महिला व नवजात का शव मिला था। पुलिस मामले की जांच ही कर रही थी कि बुधवार को पुलिस को घटनास्थल के आसपास ही कूड़े के ढेर के नीचे एक महिला का शव होने की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि महिला कूड़े के ढेर में महिला के हाथ ही नजर आ रहे थे।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि मंगलवार को जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो आसपास सर्च क्यों नहीं किया गया। वहीं डॉग स्क्वायड की टीम ने कैसा सर्च किया कि पास ही पड़े शव को ढूंढ पाई।

ये है मामला : पटेलनगर के बड़ोवाला क्षेत्र में मंगलवार को एक सूखे नाले में नवजात और एक महिला का शव पड़े मिले थे। दोनों शव करीब तीन दिन पुराने बताए जा रहे हैं। दुर्गंध आने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। माना जा रहा है कि दोनों की हत्या कर किसी ने शव यहां फेंके हैं। पटेलनगर कोतवाली इंस्पेक्टर कमल कुमार लूंठी का कहना है कि मौके पर शव की शिनाख्त के प्रयास किए गए लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई थी। शव का पंचायतनामा आज भरा गया। पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चल पाएगा।

पुलिस के मुताबिक बड़ोवाला में जो दो शव मिले थे उनके बारे में माना जा रहा है कि दोनों मां बेटी हैं। हालांकि इसका पता डीएनए रिपोर्ट के बाद ही चल सकता है, लेकिन ये बात पुलिस की मुश्किलें और बढ़ा रही है।

## गोर्खाली सुधार सभा ने मेधावियों को दी छात्रवृत्ति

देहरादून। गोर्खाली सुधार सभा की तेलपुरा शाखा का वार्षिक अधिवेशन शाखा अध्यक्ष पुरूषोत्तम शर्मा की अध्यक्षता में तेलपुरा में हुआ। जिसमें मेधावी छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा, महामंत्री गोपाल क्षेत्री, आरएस थापा, मीडिया प्रभारी प्रभा शाह, सांस्कृतिक सचिव वाईबी थापा, कोषाध्यक्ष भावेश्वर शर्मा, ग्राम मुखिया संजय थापा, भरत थापा, सूर्य बहादुर राना आदि की मौजूदगी में खुशी थापा, अंजल बुड़ाथोकी, श्रमी राना, आर्यन खत्री, प्रतीक गुरूंग, आयुषी खत्री, गौरव शाही, अनुषा बुड़ाथोकी, याशिका आले, आदित्य देव शाही को छात्रवृत्ति दी गई। संचालन मोहन थापा ने किया।

## निर्माण स्थल से वेल्डिंग का सामान चोरी

देहरादून। नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित एक निर्माण स्थल से वेल्डिंग का सामान चोरी हो गया। एसओ मोहन सिंह ने बताया कि मनेंद्र कुमार निवासी नई बस्ती मोथरोवाला ने तहरीर दी। बताया कि वह ईडीफाई स्कूल के पास उमादत्त सेमवाल के मकान में वेल्डिंग का काम कर रहे हैं। सोमवार रात साइट से घर चले गए। मंगलवार सुबह काम करने के लिए वापस पहुंचे। इस दौरान वेल्डिंग मशीन, ग्रैंडर मशीन, हैमर मशीन आदि सामान चोरी हो गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### कूड़ा डम्पिंग जोन हटाने की मांग की

चमोली। देवराड़ा के ग्रामीणों ने थराली नगर पंचायत की वन भूमि दर्जा दो से कूड़ा डम्पिंग जोन हटाने की मांग की है। बुधवार को ग्रामीणों ने नगर पंचायत क्षेत्र से लाया कूड़ा भी यहां नहीं डालने दिया और कूड़ा वाहन को वापस भेज दिया। बुधवार को नगर पंचायत थराली के अन्तर्गत देवराड़ा के ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर बैठक की। बैठक में कूड़ा डम्पिंग जोन अन्य स्थान पर बनाए जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गई। ग्रामीणों ने कूड़ा डम्पिंग जोन हटाने और देवराड़ा गांव को नगर पंचायत थराली से हटाने की भी मांग की हैं। इस दौरान नगर से आए हुए कूड़ा वाहन को वापस लौटा दिया गया।

### कीर्तिनगर में 84 जरूरतमंद लोगों को मिले पीएम आवास

श्रीनगर गढ़वाल। कीर्तिनगर ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 84 लोगों को आवास मिल चुके हैं। इसके लिए विकासखंड के कुल 94 पात्र लोगों का चयन किया गया था, जो आर्थिक रूप से कमजोर थे व आवास बनाने में सक्षम नहीं थें। कीर्तिनगर खंड विकास अधिकारी सुमनलता ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत ब्लॉक के 94 लाभार्थियों का चयन किया गया था, जिनमें से पांच ने स्वेच्छा से योजना का लाभ लेने से इनकार कर दिया। अब तक 84 लाभार्थियों को पीएम आवास योजना के तहत पूर्ण किस्त जारी की जा चुकी है। जबकि 5 लाभार्थियों को दो किस्त जारी की गई है।

### बलूनी के सासंद पद की शपथ लेने पर भाजपाइयों ने जताई खुशी

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल लोकसभा सीट से सासंद बने अनिल बलूनी के मंगलवार को पद की शपथ लेने पर श्रीनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले बलूनी ने पेयजल संकट दूर करने, वनाग्नि रोकने, रोजगार सहित पलायन को रोकने के लिए जो वायदे किये थे। उसमें से पेयजल समस्या को दूर करने और वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए उच्च अधिकारियों से वार्ता कर चुके हैं। कहा कि गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी आने वाले भविष्य में गढ़वाल लोकसभा को पूरे देश की नंबर वन लोकसभा में लाने का काम करेंगे। खुशी जताने वालों में भाजपा पौड़ी जिला अध्यक्ष सुषमा रावत, जिला महामंत्री गिरीश पैन्यूली, शशि रतूड़ी, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रावत, लखपत भंडारी, कमल किशोर रावत, जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट, व्यापार सभा जिला अध्यक्ष वासुदेव कंडारी, व्यापार सभा श्रीनगर अध्यक्ष दिनेश असवाल, श्रीनगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवांण, खिर्सू मंडल अध्यक्ष रमेश मंद्रवाल, पौड़ी मंडल अध्यक्ष क्रांति किशोर नेगी शामिल थे।

### बालीवुड फेम गायक सोनू निगम ने किए बाबा केदार के दर्शन

रुद्रप्रयाग। बालीवुड फेम गायक सोनू निगम ने बुधवार को केदारनाथ पहुंकर भगवान केदारनाथ के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ के पुजारी शिवशंकर लिंग से भी मुलाकात की। उन्होंने कई प्रशंसकों ने उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। बुधवार को बालीवुड गायक सोनू निगम सुबह सवा 7 बजे हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपने परिवारजनों के साथ केदारनाथ मंदिर में दर्शन किए। सोनू निगम का केदारनाथ धाम में हेलीपैड पर तीर्थयात्रियों ने स्वागत किया। कई यात्री एवं प्रशंसक उनसे बातचीत को लेकर उत्सुक दिखे। सोनू निगम हेलीपैड से पैदल चलते हुए केदारनाथ मंदिर पहुंचे। पहले मंदिर को बाहर से प्रणाम किया। यात्रियों वाली लाइन में ही लगकर उन्होंने मंदिर में प्रवेश किया। उन्होंने भगवान शिव की आराधना की तथा जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में बदरी-केदार मंदिर समिति प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी ने बालीवुड हस्ती को भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। साथ ही उनका स्वागत किया।

### पवाली कांठा में फंसे चार ट्रैकरों को एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर निकाला

रुद्रप्रयाग। त्रियुगीनारायण-पवाली कांठा ट्रैक में फंसे चार ट्रैकरों को एसडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित निकाल दिया है। मंगलवार को यह चारों ट्रैकर बारिश और अंधेरा होने के कारण रास्ता भटक गए थे। कोतवाली सोनप्रयाग से सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ ने रात में ही रेस्क्यू शुरू किया और पर्यटकों को सुरक्षित निकालने में कामयाबी पाई।

मंगलवार रात को कोतवाली सोनप्रयाग द्वारा एसडीआरएफ को सूचना दी गई कि त्रियुगीनारायण से पवाली कांठा ट्रैक पर चार ट्रैकर बारिश और अंधेरा होने के कारण रास्ता भटक गए हैं। इन ट्रैकरों ने मदद की गुहार लगाई है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम तत्काल रेस्क्यू के लिए रवाना हुई। एसआई आशीष डिमरी के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम ने तत्परता दिखाते हुए सोनप्रयाग से रात में ही ट्रैक को प्रस्थान किया। त्रियुगीनारायण पहुंचने के बाद टीम ने चारों ट्रैकरों से संपर्क स्थापित किया।

## घर से भाग गई नई-नवेली दुल्हन दूल्हे ने हर्जाने में मांगी साली

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 जून : भारत में शादियों का सीजन चल रहा है. इस दौरान हर दिन कई शादियां हो रही हैं. हमारे देश में शादियां ना सिर्फ एक नए रिश्ते की शुरुआत मानी जाती है बल्कि इसे एक त्योहार के रूप में मनाया जाता है. लोग शादी में अपने सारे रिश्तेदारों को बुलाते हैं. हर चीज बेस्ट की जाती है. शादियों को एक घर के इज्जत के तौर पर देखा जाता है. लोगों की कोशिश होती है कि शादियों में कोई कमी ना छूट जाए।

शिवपुरी के अमोला में रहने वाले एक परिवार ने अपने घर की नई-नवेली दुल्हन के स्वागत में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी थी. इस परिवार ने दुल्हन को समाज के सामने कई लाख के गहने चढ़ाए थे. दुल्हन ने शादी के बाद सुबह गृह-प्रवेश भी किया. लेकिन किसी को तब तक दुल्हन के इरादे समझ नहीं आए. शाम के बाद समझ आ गया कि दुल्हन करना क्या चाहती थी.

शौच के बहाने कांडसुबह विदाई के बाद ससुराल पहुंची दुल्हन ने दिनभर रस्में निभाई. सभी नई दुल्हन के स्वागत में बिजी थे. इस बीच शाम को दुल्हन ने शौच जाने



की बात कही. घर में बाथरूम बना था लेकिन इसके बाद भी दुल्हन ने बाहर जाकर शौच करने को कहा. लोगों ने सोचा कि दुल्हन को अपने घर से ऐसी ही आदत है. इसके बाद सबने दुल्हन को जाने दिया. लेकिन उन्हें क्या पता था कि शौच के बहाने दुल्हन कांड कर जाएगी। गहने लेकर भागीशाम को घर से शौच का कहकर दुल्हन बाहर गई. लेकिन काफी देर हो जाने के बाद भी वो लौट कर नहीं आई. इससे घरवाले चिंतित हो गए. जब उन्होंने बाहर जाकर दुल्हन को ढूंढा तो उसका कहीं नामोनिशान नहीं था. तभी खबर मिली कि दुल्हन शादी में चढ़ाए गए सारे गहने लेकर भाग गई है. ये सुनते ही घर में हंगामा मच गया. इज्जत जाने के डर से दूल्हा सीधे अपने ससुराल पहुंचा और लड़की की छोटी बहन से शादी की डिमांड कर डाली. लड़की पक्ष ने चार दिन का समय मांगा है. इसके बाद सोचा जाएगा कि आगे क्या करना है?

# भगवान जगन्नाथ का रथ शंखचूड़ रस्सी से ही क्यों खींचा जाता है

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 जून : ओडिशा के पुरी में विश्व प्रसिद्ध निकलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा शुभता और पवित्रता का प्रतीक है। हिंदू पंचांग के अनुसार जगन्नाथ जी की रथ यात्रा हर साल आषाढ़ माह के द्वितीया तिथि को निकलती है। वहीं इस साल जगन्नाथ रथ यात्रा 07 जुलाई को निकाली जाएगी। जगन्नाथ यात्रा का त्योहार कुल 15 दिनों तक चलता है और इस दौरान नए रथ का निर्माण करने का कार्य पहले से ही आरंभ हो जाता है। जगन्नाथ रथ यात्रा धार्मिक और सांस्कृतिक का प्रतीक है।

वहीं जगन्नाथ जी की रथ खींचना सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ का पवित्र रथ स्वयं देवता का अवतार है। यही एकमात्र ऐसी त्योहार है, जब मंदिर परिसर से भगवान जगन्नाथ के साथ बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की प्रतिमा को बाहर लाया जाता है। हर भक्त की इच्छा होती है कि वह भगवान जगन्नाथ जी की रथ को खींचे। अब ऐसे में भगवान जगन्नाथ जी की रथ शंखचूड़ रस्सी से क्यों खींचा जाता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।







पौराणिक कथा के अनुसार, शंखचूड़ नामक राक्षस ने भगवान जगन्नाथ का अपहरण करने का प्रयास किया था। भगवान बलभद्र ने शंखचूड़ का वध कर दिया और उसकी रीढ़ की हड्डी से रस्सी बनाकर रथ को खींचा। तब से, इस रस्सी का उपयोग भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए किया जाता है। शंखचूड़ एक राक्षस था, लेकिन भगवान बलभद्र द्वारा वध किए जाने के बाद, उसे पवित्र माना जाता है। रस्सी, जो उसकी रीढ़ की हड्डी से बनी है, जिसे बेहद पवित्र माना जाता है और भगवान जगन्नाथ को खींचने के लिए इसका उपयोग करना भाग्यशाली माना जाता है। रस्सी खींचना भक्तों की भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। वे भगवान जगन्नाथ को उनके रथ में खींचने में मदद करते हैं, जो उनके प्रति उनके प्रेम और श्रद्धा को दर्शाता है। भगवान जगन्नाथ का रथ शंखचूड़ रस्सी से खींचना धार्मिक और पारंपरिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह भक्तों की भक्ति, ओडिशा की संस्कृति और रथ यात्रा के त्योहार के महत्व का प्रतीक है।

रथ यात्रा में भाग लेना और रस्सी खींचना एक पुण्य कार्य माना जाता है। ऐसा करने से भक्तों को मनोकामना पूर्ण और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। रथ यात्रा के दौरान, भक्तों को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन का अवसर मिलता है। ऐसा कहा जाता है कि जो व्यक्ति जगन्नाथ जी का रथ खींचता है, उसे क्षीर सागर में निवास मिलता है।

# योगिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए चढ़ाएं ये फूल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 जून : हिन्दू धर्म में एकादशी तिथि का बहुत महत्व माना जाता है। साल की 24 एकादशी तिथियों में से एक है आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की योगिनी एकादशी जो इस बार 2 जुलाई, दिन मंगलवार को पड़ रही है। योगिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा का विधान है। इस दिन व्रत रख भगवान विष्णु की आराधना करने से व्यक्ति को उसके द्वारा किये गए पुण्यों का दोगुना फल प्राप्त होता है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि योगिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा के दौरान उन्हें पुष्प अर्पित अवश्य करने चाहिए।

इससे श्री हरि नारायण शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं।कमल का पुष्प मां लक्ष्मी का आसन माना जाता है, लेकिन इसके अलावा मां लक्ष्मी का प्रिय फूल भी है। शास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि भगवान विष्णु को मां लक्ष्मी की प्रिय वस्तु चढ़ाई जाय तो इससे श्री हरि विष्णु के साथ मां लक्ष्मी का भी घर मेंनिवास होता है। ऐसे में योगिनी एकादशी के दिनभगवान विष्णु को कमल का फूल अर्पित करें।गेंदे का फूल



भगवान विष्णु को अति प्रिय है क्योंकि इसका रंग पीला होता है और पीला रंग भगवान विष्णु को समर्पित है। शास्त्रों के अनुसार, भगवान विष्णु को एकादशी के दिन गेंदे का फूल चढ़ाने से घर में पारिवारिक शांति आती है। असल में गेंदे का फूल में मौजूद अनेकों पत्तियां एकता को दर्शाती हैं। ऐसे में भगवान विष्णु को गेंदा अर्पित करने से परिवार में प्रेम बढ़ता है।शास्त्रों में बताया गया है कि कदंब का फूल भगवान विष्णु के प्रिय पुष्पों में से एक है। कदंब का फूल योगिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु को चढ़ाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ता हिया उर नकारात्मकता समाप्त होती है। साथ ही, वैवाहिक जीवन का क्लेश भी दूर होता है और दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल और मधुरता का संचार होने लगता है।

# अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स दिवस पर राइस संस्था ने रैली निकाल किया जागरूक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। जिला मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर राइस संस्था ने बुधवार को जागरूकता रैली निकाली। रैली को हरी झंडी दिखाकर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने रवाना किया। रैली रवाना करने से पहले विधायक ने सभी को नशा नहीं करने को लेकर शपथ दिलाई और सभी से नशे के विरुद्ध काम करने की अपील की।

नशे को लेकर टिहरी पुलिस ने जिला मुख्यालय में जहां शपथ दिलाई गई, वहीं मुनिकीरेती पुलिस ने बाइक रैली का आयोजन किया। जिला मुख्यालय पर राइस संस्था के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा ने जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली नई टिहरी के मुख्य मार्गों से होते हुए बौराड़ी तक आयोजित की गई। रैली में बैनरों, तख्तियों व नारों की मदद से जागरूकता का संदेश देते हुए नशे से होने वाले नुकसानों को बताया गया। रैली की अगुआई करते हुए संस्था की कुंभी बाला भट्ट और रंजीता थपलियाल ने कहा कि समाज में नशा निरंतर युवाओं को खोखला करने का काम कर रहा है। जिसे रोकना जरूरी है। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय ड्रग दिवस पर पुलिस कार्यालय टिहरी में एएसपी जेआर जोशी ने कार्यालय में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को नशे के दुष्प्रभावों से संबंधित निर्देश देते हुए सभी को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई। थाना मुनिकीरेती के तहत सीओ अस्मिता ममगांई ने बाइक रैली को तपोवन तिराहे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में प्रभारी निरीक्षक रितेश साह, निरीक्षक याताया नदीम अतहर, संदीप तोमर, सीआईयू प्रभार ओमकांत भूषण, एसएसआई योगेश चन्द्र पाण्डेय, चौकी प्रभारी तपोवन प्रदीप रावत, चौकी प्रभारी कैलाश गे राजेंद्र रावत, चौकी प्रभारी ढालवाला आशीष शर्मा, एसआई दीपिका तिवारी आदि मौजूद रहे।

## वृक्ष प्राकृतिक एयर कंडीशनर : गिरीश मोहन

हरिद्वार। आईसीएआई की हरिद्वार शाखा की ओर से बुधवार को एसएमजेएन पीजी कालेज परिसर में पौधरोपण किया गया। इसमें 40 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों, छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने भाग लिया। आईसीएआई की हरिद्वार शाखा के अध्यक्ष सीए गिरीश मोहन ने बताया कि पृथ्वी पर बढ़ रहे तापमान को नियंत्रण में लाने के लिए हम सबको पौधरोपण करना चाहिए। उन्हें खाद पानी देकर बड़ा बनाने में सहायता करनी चाहिए। प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने इस कार्यक्रम की भूरि-भरि प्रशंसा की। उन्होंने अध्यक्ष सीए गिरीश मोहन और ब्रांच का धन्यवाद किया। उन्होंने कॉलेज परिसर को पौधरोपण के लिए चुनने और चालीस पौधे लगाने के लिए एसोसिएशन का धन्यवाद दिया।

डॉ. बत्रा ने बताया कि मनुष्य का पेड़ों से गहरा संबंध है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सीए प्रबोध जैन, सीए सचिन, सीए अर्पित वर्मा, सीए अंकुर अग्रवाल, सीए अंकित वर्मा, सीए अनमोल गर्ग, सीए योगेश भटेजा, सीए अनिल वर्मा, सीए अनिल जैन, सीए सुधांशु शर्मा,सीए विशाल बंसल, सीए राकेश तनेजा, सीए वासु अग्रवाल, सीए विवेक पवार, प्रो. संजय माहेश्वरी, डॉ. जेसी आर्य, गौरव बंसल आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ कराने को सौंपा ज्ञापन

नई टिहरी। देवप्रयाग ब्लॉक के जन प्रतिनिधियों ने बुधवार को प्रभारी बीडीओ वीरेंद्र कठैत के माध्यम ने पीएम और सीएम को ज्ञापन भेजकर राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ करवाये जाने की मांग की। साथ ही कोरोना काल के दो वर्षों को वर्तमान पंचायतों के कार्यकाल से नहीं जोड़े को कहा। पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार उनके पांच वर्ष के कार्यकाल में विकास कार्यों के लिए महज तीन वर्ष ही बजट मिल पाया। जिससे गांवों की अनेक योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पायी। जन प्रतिनिधियों ने मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर एक जुलाई से जिला मुख्यालय आंदोलन शुरू किये जाने की चेतावनी दी है। ब्लॉक प्रमुख सूरज पाठक की अगुवाई में ब्लॉक के चार जिला पंचायत व 37 क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित 104 ग्राम प्रधानों द्वारा ज्ञापन प्रेषित किया। इस मौके पर ज्येष्ठ प्रमुख विजयपाल पंवार, प्रधान संगठन अध्यक्ष सोबन सिंह चौहान, अनिता देवी, नरेंद्र रावत, आशा देवी, रजनी देवी, सूरत सिंह, सावित्री देवी, विनोद बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### बूढ़ाकेदार पहुंचा अस्कोट-आराकोट का दल

नई टिहरी। अस्कोट-आराकोट पदयात्रियों का बुधवार को बूढ़ाकेदार पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया है। प्रसिद्ध सर्वोदयी संस्था लोक जीवन विकास भारती में प्रो. शेखर पाठक और उनके साथ आए पदयात्रा दल की एक बैठक हुई। जिसमें उन्होंने बताया कि वे 25 मई से पिथौरागढ़ के अस्कोट से पैदल यात्रा पर निकले हैं। अभी बूढ़ा केदार तक लगभग 1100 किमी तक पैदल यात्रा करके पहुंचे हैं। यह यात्रा सन 1984 में पहली बार हुई थी। हर 10 साल बाद चलने वाली इस पदयात्रा के 50 साल पूरे होने के बाद छठवीं यात्रा इस बार हो रही है इन पदयात्राओं के अनुभवों के आधार पर अनेक जानकारियां विभिन्न दस्तावेज और साहित्यों के रूप में प्रकाशित किये गये है। बैठक में डॉ. गिरिजा पांडे और डॉ. अरुण कुकसाल ने बूढ़ाकेदार तक पहुंचे विभिन्न अनुभव साझा किये हैं। इस अवसर पर सुरेश भाई ने स्व. बिहारी लाल उनके द्वारा किए गए रचनात्मक कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी है। लोक जीवन विकास भारती के मंत्री जयशंकर नगवान ने पद यात्रियों का स्वागत करते हुए स्मृति चिह्न भी भेंट किया है। मौके पर ज्वालामुखी मंदिर समिति के अध्यक्ष बचल सिंह रावत, पूर्व क्षेपंस हिम्मत सिंह रौतेला, जयप्रकाश राणा, पूर्व प्रधान धीरेंद्र प्रसाद नौटियाल, किशोरी लाल नगवान, विमला देवी, बिजोरा देवी, अनीता, अंजु, क्षेपंस अव्वल छनवान, बावन सिंह बिष्ट, ज्वालामुखी मंदिर समिति के अध्यक्ष बचल सिंह रावत, सतीश बंगरवाल, अनंतानंद, दयाराम, विष्णु, चंद्रवीर नगवान आदि मौजूद रहे।

### भारत मानक ब्यूरों ने दी जानकारी


नई टिहरी। चंबा ब्लाक सभागार में भारतीय मानक ब्यूरो के तहत ग्राम पंचायत संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीआईएस के ज्ञान साधन प्रसारण अधिकारी आशीष वर्मा ने ग्राम के विकास मानकों के अंतर्गत बीआईएस की मानकीकरण, आईएसआई मार्क, सीआरएस मार्क, प्रयोगशाला कार्य, हॉल मार्किंग और प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसी बीआईएस की गतिविधियों और बीआईएस केयर एप्लिकेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इन जानकारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से सचित्र प्रदर्शन भी करके दिखाया। भारतीय मानक ब्यूरो की देहरादून शाखा के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुधीर बहुगुणा ने किया। इस मौके पर शशांक वर्मा सहित तमाम प्रधान और ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुरुष आयोग की सिफारिश लेकर दून पहुंची बाइक रैली

देहरादून। मैन वेलफेयर ट्रस्ट (एमडब्ल्यूटी) की ओर से देश में महिला आयोग की तर्ज पर पुरुष आयोग स्थापित करने की सिफारिश लेकर पहली बाइक रैली बुधवार को दून पहुंची। गुरुग्राम से शुरू होकर यहां पहुंची इस रैली का तिब्बती मार्केट के पास भव्य स्वागत हुआ। मैन वेलफेयर ट्रस्ट दून चैप्टर के अध्यक्ष वितेश अग्रवाल ने कहा कि 140 करोड़ से अधिक की आबादी वाले देश में पुरुषों की समस्या सुनने को कोई आयोग नहीं। ऐसे में पुरुष आयोग की मांग को लेकर ये रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने इस बाइक रैली का स्वागत करते हुए इसको सभी के समर्थन की अपील की। रैली का नेतृत्व विश्व रिकार्ड धारक प्रसिद्ध बाइकर अमजद खान व लिम्का बुक रिकार्ड धारक संदीप ने किया। रैली लखनऊ, पटना, सिलीगुड़ी, कोलकाता, भुवनेश्वर, विशाखापट्टनम, गुंटूर, चेन्नई, रामेश्वरम, कन्याकुमारी, त्रिचुर, गोवा, कोल्हापुर, पुणे, मुंबई, अहमदाबाद, जैसलमेर, बीकानेर, चंडीगढ़, जम्मू, कारगिल, लेह, सरचू, मनाली, शिमला से होकर जाएगी। कार्यक्रम में गिरिश यादव, सौरभ पटवाल, प्रमोद रावत, मोहित कुकरेती, जयनेंद्र कुमार, कैप्टन भूपेश गेरा और सुमन सोनू सहित कई लोग शामिल थे।

# सावधान : जिसे आप गैस का दर्द समझ रहे कहीं वो Heart Attack का लक्षण तो नही

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट 27 जून : हृदय की समस्या की समय पर पहचान करने के लिए पटियाला के मणिपाल हॉस्पिटल के वरिष्ठ सलाहकार इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी डॉ. संदीप ठक्कर ने यहां पांच मेडिकल टेस्ट बताए हैं, जिनसे अनुमान लगाया जा सकता है, कि व्यक्ति को हृदय रोग है, या नहीं ,ईसीजी हृदय की इलेक्ट्रिक गतिविधि को रिकॉर्ड करता है। यह हृदय रोग की जांच के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। ECG मशीन में हृदय के इलेक्ट्रिकल सिग्नल रिकॉर्ड होते हैं, तो रिपोर्ट में वेवफॉर्म के रूप में छप जाते हैं।

इस प्रक्रिया में यह आकलन किया जाता है कि व्यायाम या तनाव के लिए हृदय क्या प्रतिक्रिया देता है। यह व्यक्ति की फिटनेस के बारे में महत्वपूर्ण विवरण देता है और बताता है कि उनके शरीर पर भार पड़ने पर उन्हें छाती में बेचैनी या सांस फूलने की समस्या होती है या नहीं। इसका उपयोग कोरोनरी आर्टरी के संकरे होने, उनमें ब्लॉकेज, या अन्य समस्याओं का पता लगाने के लिए किया जाता है। इसमें हृदय की पेशी में रक्तसंचार का परीक्षण होता है। यह कार्डियोलॉजी में एक महत्वपूर्ण डायग्नोस्टिक उपकरण है, और डॉक्टरों को यह तय करने में मदद करता है व्यक्ति के लिए कौन सा इलाज किया जाना चाहिए।

इस इमेजिंग तकनीक का उपयोग हृदय की संरचना और संचालन देखने के लिए किया जाता है। इससे हृदय एवं उसके चारों ओर की रक्त वाहिनियों का विस्तृत चित्र मिल जाता है, और यह आकलन करने में मदद मिलती है कि हृदय कितनी अच्छी तरह से खून को पंप कर पा रहा है। ये मेडिकल टेस्ट हृदय की समस्याओं के इलाज और स्वास्थ्य बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि इनसे हृदय की समस्याओं की समय पर पहचान, निदान और इलाज में मदद मिलती है। हृदय की स्थिति की जांच के लिए डॉक्टर विभिन्न तरह के टेस्ट का परामर्श दे सकते हैं, जो विभिन्न तत्वों, जैसे मरीज के लक्षणों और उसकी मेडिकल बैकग्राउंड के आधार पर तय किए जाते हैं। हृदय रोग के शुरुआती संकेतों व लक्षणों को पहचानना और उनके लिए तुरंत डॉक्टर का परामर्श लिया जाना भी बहुत जरूरी है।

## संपादकीय



## गेहूं जमाखोरी पर नियंत्रण

एक खबर आई थी कि सरकारी गोदामों में गेहूं का भंडारण कम हो गया है। संभव है कि गेहूं का आयात करना पड़े ! दूसरी तरफ, केंद्रीय कृषि मंत्रालय के डाटा पर यकीन करें, तो उसका कहना है कि किसानों ने 112.93 मिलियन टन गेहूं का उत्पादन किया है। फसल की यह सबसे अधिक पैदावार है। बीते साल भी गेहूं 110.55 एमटी पैदा किया गया था। यानी उस उत्पादन को भी पार करके इस बार रिकॉर्ड गेहूं की फसल हुई है। यह अजीब विरोधाभास है। यदि गेहूं का उत्पादन सबसे अधिक हुआ है, तो सरकारी गोदामों में भंडारण कम क्यों है ? क्या सरकार ने कम गेहूं खरीदा है ? भारत सरकार ने गेहूं के भंडारण की अधिकतम सीमा क्यों तय की है ? क्या इससे जमाखोरी पर नियंत्रण लगाया जा सकेगा ? अथवा कीमतों में स्थिरता आएगी ? या खाद्य सुरक्षा के सकल प्रबंधन के मद्देनजर ऐसा किया गया है ? भंडारण सीमा का यह निर्णय अकथनीय और दुरुह लगता है। सरकार ने फैसला किया है कि थोक के व्यापारी और खुदरा की बड़ी श्रृंखला वाले 3000 टन से अधिक का भंडारण नहीं कर सकेंगे। एकल खुदरा विक्रेता के लिए यह सीमा 10 टन तय की गई है। प्रोसेसर पिसाई की अपनी क्षमता का 70 फीसदी गेहूं या अनाज जमा रख सकते हैं। इन सभी व्यापारियों और कंपनियों को गेहूं भंडारण की अपडेट जानकारी खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर नियमित रूप से देनी होगी। सवाल यह है कि नियंत्रण सिर्फ गेहूं के लिए है अथवा सभी अनाजों पर यह लागू होगा ? भंडारण की यह अधिकतम सीमा 24 जून, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक जारी रहेगी। गेहूं और अनाज की भंडारण सीमा, अंततः, क्यों तय करनी पड़ी ? इसके बुनियादी कारण हैं कि खुदरा अनाज की मुद्रास्फीति मई में, साल-दर-साल, 8.69 फीसदी रही है। दूसरे, सरकारी गोदामों में गेहूं का भंडारण एक जून को 29.91 मिलियन टन था। यह बीते 16 सालों में सबसे कम था। सर्वाधिक उत्पादन होने के बावजूद भंडारण इतना कम क्यों हुआ ? तीसरे, अभी तक बहुत अच्छा मानसून नहीं हुआ है। यह चावल के उत्पादन को भी प्रभावित कर सकता है। हालांकि चावल के सरकारी भंडार पर्याप्त हैं। क्या खाद्य सुरक्षा पर किसी संकट के आसार हैं ? गेहूं उत्पादन में तो भारत विश्व में नंबर दो का देश है। हम कई देशों को गेहूं निर्यात करते हैं। फिर गेहूं भंडारण की कमी और भंडारण सीमा का नियंत्रण समझ के परे है। गेहूं की भंडारण सीमा बीते साल जून में ही पहली बार लागू की गई थी। तब थोक विक्रेताओं और बड़े खुदरा व्यापारियों के लिए अधिकतम भंडारण की सीमा 2000 टन थी। निजी, एकल स्टोर के लिए 10 टन ही थी और प्रोसेसर के लिए पिसाई क्षमता का 75 फीसदी जमा की अनुमति थी। ये सीमा बाद में घटा कर 500 टन, 5 टन और 60 फीसदी कर दी गई। कारण आज तक अज्ञात हैं, क्योंकि बीते साल भी गेहूं का उत्पादन अच्छा हुआ था। जो सीमा घटाई गई, वह फरवरी, 2024 तक थी, लेकिन एक अप्रैल को नई फसल, नई पैदावार आने से भंडारण सीमा फिर बढ़ा दी गई। निजी व्यापारियों को बता दिया गया कि वे किसानों द्वारा लाया गया गेहूं न खरीदें। कमोबेश एक महीने तक खरीददारी न करें।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002

**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## पंचायत प्रतिनिधियों को स्वच्छता का प्रशिक्षण दिया

चमोली। नारायणबगड़ विकास खंड के पंती में राज्य जल और स्वच्छता मिशन के तहत आयोजित तीन दिवसीय पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम पेयजल समितियों एवं स्वच्छता समितियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया है। इस अवसर पर नारायणबगड़ न्याय पंचायत के विभिन्न गांवों से लोग मौजूद रहे। नारायणबगड़ प्रखंड के न्याय पंचायत नारायणबगड़ के पंती में जल जीवन मिशन के तहत जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों,ग्राम पेजयल समितियों एवं स्वच्छता समितियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण के साथ संपन्न हो गया है। तीन दिनों के चले इस प्रशिक्षण में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में गठित की गई समितियों के गठन और समितियों के कार्य पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर देवराज भट्ट, नवीन भट्ट, बालेन्दु जोशी, एडीओ पंचायत सुरेश रमोला,व्यापार संघ अध्यक्ष जयवीर कंडारी, पंती गांव के प्रधान रमेश गुसाईं, गुड्डी देवी, कर्ण सिंह कंडारी, नीरज बरमोला, संजय कंडारी, मोहन पंवार, जय सिंह नेगी, जयपाल बुटोला, गजेंद्र परिहार, मानवेंद्र नेगी, आशुतोष डिमरी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं इस अवसर पर लोगों को प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।।

## कमेड़ा और लामबगड़ के डेंजर जोंन बरसात में लेंगे प्रशासन की अग्नि परीक्षा

चमोली। ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे कमेड़ा और लामबगड़ सहित दस स्थानों पर बदहाल बना है। अगर इन स्थानों पर बरसात से पहले हाईवे दुरस्त नहीं किया गया तो बदरीनाथ और हेमुकंड तीर्थयात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऑलवेदर रोड कटिंग के दौरान दो तीन साल पहले अनियोजित ढंग से काटी गई पहाड़ियां ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे के लिए नासूर बनी हैं। गौचर के पास कमेड़ा में करीब 200 मीटर के दायरे में पिछले साल भूस्खलन होने से एक सप्ताह तक हाईवे बंद रहा था।

हालांकि राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) कार्यदायी संस्था ने अस्थाई रूप से हाईवे को वाहन चलने लायक तो बना दिया। लेकिन एक साल बाद भी वहां पर स्थाई ट्रीटमेंट न होने से अभी भी हाईवे में आवागमन जोखिम भरा बना हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### टॉल पर लकड़ियां नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

पौड़ी। नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति द्वारा शहर में स्थित वन विकास निगम के टॉल पर अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियां नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। बुधवार को समिति ने वन विकास निगम के प्रभागीय लौंगिग अधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द ही समस्या के हल की मांग उठाई। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव गबर सिंह नेगी, अनिता रावत, मकान सिंह, पदमेंद्र बिष्ट, ठाकुर सिंह नेगी आदि शामिल थे।

### नशा निषेध दिवस : ड्रग्स के दुष्परिणामों को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

पौड़ी। बीरोंखाल पडिंडा चौकी पुलिस द्वारा नशा निषेध दिवस पर ड्रग्स के दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक किया। बीरोंखाल चौकी प्रभारी सयदुल्ला बाहर ने बुधवार को बीरोंखाल बाजार में व्यापरियों, वाहन चालकों, पालीटेक्निक छात्रों को साइबर ठगी, ड्रग्स और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर मनोज सिंह, नवीन गुसांई, गिरीश रावत, नरोत्तम पाल आदि थे।

### विकास की मजबूत बुनियाद रख गए थे नौटियाल

पौड़ी। उत्तर प्रदेश सरकार में शिक्षा एवं पर्वतीय विकास मंत्री रहे शिवानंद नौटियाल की 87 वीं जयंती बुधवार को उनके पैतृक गांव कोठला-सैंजी में मनाई गई। इस मौके पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने अपने जीवनकाल में कई पुस्तकें भी लिखीं। बुधवार को उनकी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र नौटियाल ने कहा कि डा. नौटियाल ने अपने मंत्री कार्यकाल के दौरान कई इंटर कालेज और डिग्री कालेज के अलावा सड़कों का निर्माण कर पहाड़ी क्षेत्रों में विकास की एक मजबूत बुनियाद स्थापित की। कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली, पेयजल, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर उन्होंने हमेशा मिशन के रूप में कार्य किया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यही वजह है कि वे आज भी आमजन के बीच लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में जाने जाते हैं। वहीं, गढ़वाल मंडल बहुउदेशीय सहकारी समिति में सचिव रमेशचंद्र उप्रेती व अन्य कर्मचारियों द्वारा उनको श्रद्धांजलि दी गई। उनके पैतृक गांव में श्रद्धांजलि देने वालों में संजय नौटियाल, कांता प्रसाद, नंद राम, शैलजा नौटियाल, मीना देवी, मोहित नौटियाल, शिवांशु नौटियाल, कमला देवी,प्रिया नौटियाल आदि मौजूद रहे।

### पौड़ी में 7 जुलाई को होगी व्यंजन प्रतियोगिता

पौड़ी। आह्वान संस्था की ओर से शहर में सात जुलाई को विभिन्न महिला समूहों की ओर से बनाए गए पहाड़ी व्यंजन की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आह्वान संस्था की अध्यक्ष प्रियंका थपलियाल ने बताया कि 7 जुलाई को सभी महिला समूहों के लिए मास्टर सेफ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। 5 जुलाई तक निशुल्क रजिस्ट्रेशन के माध्यम से महिला समूह प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। बताया कि प्रतिभागी समूहों को अपने घर से ही दो प्रकार के पहाड़ी व्यंजन बनाकर लाने होंगे। जिसमें व्यंजन, स्टॉल व प्रेजेंटेशन की सजावट की जिम्मेदारी महिला समूह की होगी। बताया कि प्रतियोगिता में निर्णायकों द्वारा पहाड़ी व्यंजन का स्वाद लेकर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले महिला समूह का निर्णय लिया जाएगा। सभी प्रतिभागी समूह को शांत होना पुरस्कार के लिए संस्था की ओर से सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। बताया कि प्रतियोगिता नगर पालिका के डमरु हाल में की जाएगी।

### पौड़ी में एक को होगा जनसंवाद

पौड़ी। उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य विनोद नाथ 1 जुलाई को जिले के भ्रमण पर रहेंगे। उनके द्वारा रिखणीखाल ब्लाक के सभागार में समय 11 बजे से अन्य पिछड़े वर्ग के क्षेत्रीय व्यक्तियों के साथ उनकी समस्याओं के संबंध में जन-संवाद किया जाएगा। साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित शिकायतों का अनुश्रवण एवं तहसील, विकासखंड स्तरीय विभागीय अधिकारियों के साथ शिकायतों के समाधान के लिए परिसंवाद भी किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अफसरों को निर्धारित तिथि और समय पर कार्यक्रम में हिस्सा लेने के निर्देश दिए है।

### नाम वापसी का अंतिम दिन बीता, किसी भी प्रत्याशी नहीं लिया नाम वापस

चमोली। बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव को लेकर नाम वापसी के अंतिम दिन बीत गया है। किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। इस तरह से अब बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इसमें भाजपा के राजेंद्र सिंह भंडारी, कांग्रेस के लखपत सिंह बुटोला, सैनिक समाज पार्टी के हिम्मत सिंह नेगी और निर्दलीय प्रत्याशी नवल किशोर खाली शामिल है। रिटर्निंग ऑफिसर आरके पांडेय ने बताया कि 26 जून नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित थी। नामांकन कर चुके चारों प्रत्याशियों में से किसी ने भी नाम वापस नहीं लिया है। निर्दलीय प्रत्याशियों को उनकी प्राथमिकता के आधार पर चुने गए प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दिए गए है। उप चुनाव के लिए आगामी 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को मतगणना की जाएगी।

### प्रत्याशियों के व्यय लेखा रजिस्टर का किया गया पहला मिलान

भारत निर्वाचन आयोग के व्यय प्रेक्षक मनदीप पंवार की अध्यक्षता में बुधवार को चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखा मिलान किया गया। जिसमें सभी प्रत्याशियों के चुनाव खर्चे से संबधित वाउचर एवं निर्वाचन बैंक खाता, विवरण पत्र आदि का मिलान लेखा टीम के रिकार्ड से किया गया। लेखा टीम द्वारा साक्ष्यों और निर्धारित रेट चार्ट के आधार पर सभी प्रत्याशियों का चुनाव खर्चे का शैडो रजिस्टर तैयार किया गया है। निर्वाचन के दौरान तीन बार प्रत्याशियों के खर्चे का मिलान शैडो रजिस्टर से किया जाता है। जिसमें से पहला मिलान बुधवार को किया गया। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों तथा लेखा टीम के सदस्यों को निर्वाचन व्यय निगरानी और रख रखाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी व्यय मामूर जहां, सहायक व्यय प्रेक्षक हनी दहिया, प्रभारी अधिकारी लेखा दल असलम सिद्दीकी तथा राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी, एजेंट आदि उपस्थित थे।

### मॉडल बूथों पर तैनात कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया

चमोली। विधानसभा उप चुनाव में 2 मॉडल बूथ व 2 यूनिक बूथ, 1 महिला बूथ, 1 दिव्यांग बूथ व 1 युवा बूथ बनाया जाएगा। जिसमें महिला बूथ पर महिला कार्मिकों, दिव्यांग बूथ पर दिव्यांग कार्मिक व युवा बूथ पर युवा कार्मिकों की तैनाती की गयी है। विधानसभा उप चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर बुधवार को पीजी कालेज में मॉडल बूथों पर तैनात कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मॉडल बूथों के 14 व सामान्य बूथ के 3 कार्मिकों सहित कुल 17 मतदान कार्मिकों को मतदान का सामान्य प्रशिक्षण व ईवीएम का सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया।

# शहीद का सम्मान करना हर देशवासी का कर्तव्य है

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 27 जून : सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने हिमालयन कल्चरल सेंटर में एलन इंस्टीट्यूट देहरादून द्वारा आयोजित शौर्य वंदन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिवारजनों और उनकी वीरांगनाओं को स्मृति चिन्ह शॉल एवं रू.11 हजार के चेक वितरित कर उनको सम्मानित किया गया। इस दौरान मंत्री ने प्रतिभावान छात्रों को भी सम्मानित किया।

इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पहले शहीदों के पार्थिव शरीर को उनके घर नहीं भेजा जाता था। उनकी राख स्वजनों को सौंप दी जाती थी और कहा जाता था कि उनका लाल शहीद हो गया है। भाजपा सरकार ने शहीदों के पार्थिव शरीर को पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक घरों तक भेजने का सिलसिला शुरू किया। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने निर्णय लिया है कि सेना या पैरामिलेट्री को जो भी जवान शहीद होगा, उसके परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी दी जाएगी और उस दिशा में सरकार निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कहा कि हम अपने शहीदों को वापस तो नहीं ला सकते पर उनके सम्मान और



उनके परिवारों के कल्याण हेतु संकल्पबद्ध हैं।

उन्होंने कहा शहीद का सम्मान करना हर देशवासी का कर्तव्य है। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा सैनिकों के सम्मान में देहरादून के गुनियाल गांव में भव्य सैन्य धाम के निर्माण किया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य अंतिम चरण में चल रहा है, शीघ्र ही सैन्य धाम प्रदेश की जनता और वीरमाताओं को समर्पित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के लिए अनेक योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। मंत्री ने कहा सैनिकों पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिये वचनबद्ध है। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने आयोजकों को




आयोजन के लिए बधाई भी दी।

इस अवसर पर सचिव सैनिक कल्याण दीपेंद्र चौधरी, डायरेक्टर सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अमृत लाल, डायरेक्टर एलन इंस्टीट्यूट नवीन माहेश्वरी, कमांडेंट राहुल अग्रवाल, परमवीर चक्र युगेंद्र यादव, जोनल हेड उत्तर भारत सदानद वाणी, गिरीश गौड़, अवधेश दीक्षित सहित शहीद के परिजन उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने रजनी भंडारी को किया निष्कासित

चमोली। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस सदस्य रजनी भंडारी समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश भंडारी और पोखरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित किया है। बता दें रजनी भंडारी बदरीनाथ विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह भंडारी की धर्मपत्नी हैं। और चमोली जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं।

उत्तराखण्ड कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी और चमोली कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश ने इसकी पुष्टि की है। जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने बताया कांग्रेस पीसीसी सदस्य रजनी भंडारी, हरीश भंडारी और पोखरी के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया गया है। उधर, भाजपा ने वरिष्ठ नेता हरि सिंह रावत को पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। भाजपा के जिला महामंत्री ने कुलदीप वर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया पर हरि सिंह रावत पर चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी का प्रचार करने की जानकारी मिल रही थी। पार्टी जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी ने हरि सिंह रावत को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया है।

## शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में विकासखंड के शिक्षकों को किया गया सम्मानित

चमोली। डायट गौचर में आयोजित शैक्षिक उन्नयन गोष्टी में विकासखंड़ के पांच अध्यापकों और विद्यार्थियों को सीईओ कुलदीप गैरोला के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राउप्रावि सारकोट के प्रधानाअध्यापक जगदीश राज ने बताया कि राप्रावि चौरासैंण के मुकेश नेगी, राप्रावि मलेठी के राजेन्द्र नेगी, राप्रावि मरोड़ा की रंभा शाह, राउप्रावि सारकोट के जगदीश राज, राउप्रावि सलियांणा की सरोज शाह को राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान ने पुरस्कृत किया गया। वही राउप्रावि सारकोट में अध्यनरत कक्षा सात की छात्रा मीनाक्षी व प्रियांशु नेगी को गौचर डायट में सीईओ चमोली कुलदीप गैरोला, सीईओ रूद्रप्रयाग पीके बिष्ट, एचएनबी गढवाल विवि के प्रो.दाता राम पुरोहित व डायट प्राचार्य आकाश सारस्वत की मौजूदगी में सम्मानित किया गया।

## कर्णप्रयाग में मनाया शिवानंद नौटियाल का जन्म दिवस

चमोली। पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में डॉ. शिवानंद नौटियाल के जन्म दिवस पर उन्हें पुष्प अर्पित कर याद किया गया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एमएस कंडारी ने कहा कि डॉ. शिवानंद नौटियाल का शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. कीर्तिराम डंगवाल, जेएस रावत, एसएल मुनियाल व महाविद्यालय के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग के साथ छेडछाड एवं दुष्कर्म का प्रयास करने पर मजदूर को भेजा जेल

चमोली। जोशीमठ क्षेत्र के एक गांव में रहकर मजदूरी करने वाले बिहार मूल के एक व्यक्ति बच्ची के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की मां की शिकायत पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। जोशीमठ पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिला अपने परिवार के साथ नेपाल से यहां आकर मजदूरी कर रही है। मंगलवार को महिला जब घर लौटी तो बच्ची उसे घर में डरी सहमी दिखी। बच्ची ने अपनी मां को बताया कि आरोपी उसके साथ गलत हरकते करता है। कोतवाल राकेश चन्द्र भट्ट ने बताया कि बुधवार को पोक्सो एक्ट व अन्य संगत धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# लक्ष्मण झूला क्षेत्र में एक के बाद एक हुई चोरियों का पौड़ी पुलिस ने किया खुलासा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 27 जून : विजेंद्र सिंह, निवासी मुरैना अलीगढ़ उ0प्र0 ने थाना लक्ष्मणझूला पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने वादी के रिजॉर्ट, रत्ता पानी से 01 सोने की चेन, आईफोन, घड़ी व रू0 8,500/- चोरी कर लिए हैं। साथ ही दिनांक 09.06.2024 को वादी विजेंद्र भंडारी निवासी कैलाश गेट ने थाना लक्ष्मणझूला पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि वादी के लक्ष्मण झूला स्थित रिजॉर्ट से किसी अज्ञात व्यक्ति ने वादी की स्कूटी तथा रू0 5,000/- चोरी कर लिए हैं। उक्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर थाना लक्ष्मणझूला पर क्रमशः मु0अ0सं0-37/2024, धारा-380 भा.द.वि व मु0अ0सं0-38/2024, धारा-380 भा.द.वि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा उक्त चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी कर घटना का अनावरण करने हेतु प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण झूला को टीम गठित करने हेतु निर्देशित किया गया।निर्गत निर्देशों को क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा कुशल सुरागरसी पतारसी

- अभियुक्त ने आर्थिक तंगी के कारण जल्द से जल्द पैसा कमाने के लालच में चोरी की घटनाओं को दिया था अंजाम
- उत्तराखंड : अगले तीन दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, 28 को दस्तक देगा मानसून

कर व सीसीटीवी कैमरों की मदद से अथक प्रयासों के उपरान्त उक्त अभियोगों में संलिप्त अभियुक्त गौतम पुत्र रतिराम को बैराज बाई पास तिराहे के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पूछताछ का विवरणअभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह ध्याड़ी, मजदूरी का काम करता है और उसकी घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उसने जल्द पैसे कमाने के लालच में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। नाम पता अभियुक्त- गौतम पुत्र रतिराम, निवासी ग्राम बीकमपुर जीतपुर, थाना लक्सर, जनपद हरिद्वार।

बरामदगी का विवरणः- 1. मु0अ0सं0- 37/2024, धारा-380 भा0द0वि0 से सम्बन्धित एक आईफोन तथा एक घड़ी।2. मु0अ0सं0




38/2024, धारा-406/411 भा0द0सं0 से सम्बन्धित स्कूटी। पुलिस टीम-1. अपर उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह2. अपर उपनिरीक्षक सुशील- एसओजी 3. मुखय आरक्षी शशिकान्त- एसओजी 4. आरक्षी आशीष- एसओजी 5. आरक्षी राहुल- एसओजी 6. आरक्षी सतपाल भण्डारी 7. आरक्षी नवनीत

## नगर निगम श्रीनगर को जल्द मिलेगी दो सिटी बसें : नुपूर वर्मा

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम के विकास कार्यों और नगर क्षेत्र में सीटी बस के संचालन को लेकर बुधवार को उपजिलाधिकारी श्रीनगर नुपूर वर्मा ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने नगर निगम में पानी, सीटी बस के संचालन करने को कहा। उपजिलाधिकारी/नगर आयुक्त नुपूर वर्मा ने कहा कि नगर क्षेत्र में स्थानीय लोगों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए जल्द ही नगर क्षेत्र में दो बसों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कलियासौड़ से मलेथा तक और ऋषिकेश बस अड्डे से गंगा दर्शन तक सिटी बस का संचालन किया जाएगा। नगर में मलेथा, कीर्तिनगर पुल के पास, एनआईटी के पास, चुंगी, विवि गेट जैसी जगहों पर बस के लिए स्टॉपेज रखा जाएगा। बस में बुजुर्गों ,महिलाओं और दिव्यांगों के लिए सीटें आरक्षित होंगी।

कहा कि नगर निगम जल्द ही नगर वासियों को सीटी बस की सुविधा को मुहैया कराएगा। जिसको लेकर उपजिलाधिकारी ने आरटीओ और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं लावारिस पशुओं के लिए बन रही गोशाला में पानी की व्यवस्था के लिए भी जल संस्थान के ईई को जल्द ही गोशाला के लिए पानी व्यवस्था करने को निर्देशित किया। मौके पर बैठक में तहसीलदार धीरज राणा, ईई जलसंथान, सीओ पुलिस रविंद्र चमोली, सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी सहित आदि मौजूद रहें।